**Series : SSO/1**

Code No. / कोड नं. **61/1/1**

Roll No. / रोल नं. | | | | | | | |

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर कोड नं. अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **12** printed pages + **2** Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **23** questions.
- **Please write down the serial number of the question before attempting it.**
- 15 Minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the student will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं + **2** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **23** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# HISTORY
# इतिहास

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum marks : 100*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे]* *[अधिकतम अंक : 100*

**General Instructions :**

*(i)* *Answer **all** the questions. Marks are indicated against each question.*

*(ii)* *Answers to questions carrying 2 marks (Part **A** – Question nos. 1 to 5) should not exceed **30** words each.*

*(iii)* *Answers to questions carrying 5 marks (Part **B** – Section **I, II, III** – Question nos. 6 to 16) should not exceed **100** words each.*

*(iv)* *Answers to questions carrying 8 marks (Part **C** – Question nos. 17 and 18) should not exceed **250** words each.*

*(v)* *Part **D** has questions based on **three** sources.*

*(vi)* *Attach the maps with the answer scripts (Part **E**).*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सामने लिखे हैं ।*

*(ii)* ***2*** *अंक वाले प्रत्येक प्रश्न (खण्ड* ***क*** *- प्रश्न सं.* ***1*** *से* ***5****) का उत्तर* ***30*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iii)* ***5*** *अंक वाले प्रत्येक प्रश्न (खण्ड* ***ख*** *- भाग* ***I, II, III*** *- प्रश्न सं.* ***6*** *से* ***16****) का उत्तर* ***100*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* ***8*** *अंक वाले प्रत्येक प्रश्न (खण्ड* ***ग*** *- प्रश्न सं.* ***17*** *और* ***18****) का उत्तर* ***250*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *खण्ड* ***घ*** *के प्रश्न* ***तीन*** *स्रोतों पर आधारित हैं ।*

*(vi)* *मानचित्र अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए (खण्ड* ***य****)।*

## PART – A
## खण्ड – क

Answer **all** the questions given below :

निम्नलिखित **सभी** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1. Mention two ideal occupations of Brahmans according to Dharmashastras. **2**

धर्मशास्त्रों के अनुसार ब्राह्मणों की दो आदर्श जीविकाओं का उल्लेख कीजिए ।

2. State two characteristics of Krishna Deva Raya's rule. **2**

कृष्णदेव राय के शासन की दो विशेषताएँ बताइए ।

3. Why were women considered an important resource in agrarian society ? Mention two reasons. **2**

महिलाओं को कृषि समाज में महत्त्वपूर्ण संसाधन के रूप में क्यों देखा जाता था ? दो कारणों का उल्लेख कीजिए ।

4. Mention the revenue system introduced by the British in Bombay Deccan with one of its main characteristics. **2**

बम्बई दक्कन में ब्रिटिश द्वारा लागू की गई राजस्व प्रणाली का नाम बताइए तथा उसकी एक विशेषता भी बताइए ।

5. When was the first All India Census attempted ? Mention two of its early aims. **2**

अखिल भारतीय जनगणना का सर्वप्रथम प्रयास कब किया गया ? इसके प्रारम्भिक दो उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए ।

## PART – B

## खण्ड – ख

### SECTION – I

### अनुभाग – I

Answer any **three** of the following questions :

निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

6. Describe briefly how the centres of craft production are identified. 5

शिल्प उत्पादन के केन्द्रों की पहचान किस प्रकार की जाती है ? संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

7. Describe the sources of reconstructing the histories of the Gupta rulers. 5

गुप्त शासकों का इतिहास लिखने में सहायक स्रोतों का वर्णन कीजिए ।

8. Explain how in the case of Vaishnavism, cults developed around the various avatars of the deity. 5

वैष्णव वाद में अनेक अवतारों के इर्द-गिर्द पूजा पद्धतियाँ किस प्रकार विकसित हुई ? व्याख्या कीजिए ।

9. Explain the most important idea of Jainism and its impact on Indian thinking. 5

जैनदर्शन की सबसे महत्त्वपूर्ण अवधारणा की व्याख्या कीजिए तथा बताइए कि भारतीय विचारधारा पर इसका क्या प्रभाव पड़ा ।

### SECTION – II

### अनुभाग – II

Answer any **two** of the following questions :

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

10. Why did Abul Fazl describe the land revenue as 'remuneration of sovereignty' ? Explain. 5

अबुल फ़ज़्ल ने भूमि राजस्व को 'राजत्व का पारिश्रमिक' क्यों बताया है ? स्पष्ट कीजिए ।

11. Describe the variety of tasks involved in creation of manuscripts during the reign of the Mughals. 5

मुगलों के शासन काल में पांडुलिपियों की रचना से जुड़े विविध कार्यों का वर्णन कीजिए ।

12. Explain why Qandhar was a bone of contention between the Safavids and the Mughals. 5

कंधार सफावियों और मुगलों के बीच झगड़े की जड़ क्यों था ? स्पष्ट कीजिए।

## SECTION – III

## अनुभाग – III

Answer any **three** of the following questions :

निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

13. Explain two reasons for the failure of the Permanent Settlement of the land revenue, introduced by the British in Bengal. 5

ब्रिटिश द्वारा बंगाल में प्रारंभ किये स्थायी बन्दोबस्त (इस्तमरारी) की असफलता के दो कारणों की व्याख्या कीजिए ।

14. "The rumours in 1857 began to make sense when seen in the context of the policies pursued by the British from late 1820s." Support your answer with evidence. 5

"1857 की इन अफवाहों को 1820 के दशक से अंग्रेजों द्वारा अपनाई जा रही नीतियों के संदर्भ में देखा जाए तो इसका मतलब ज्यादा आसानी से समझा जा सकता है ।" उपरोक्त कथन की पुष्टि में प्रमाण प्रस्तुत कीजिए ।

15. Examine the recommendations of the Cabinet Mission and explain the reasons for rejecting the plan suggested by the Cabinet Mission in 1946 by both Congress and Muslim League. 5

1946 में 'कैबिनेट मिशन' द्वारा सुझायी गयी योजना की समीक्षा कीजिए तथा काँग्रेस और मुस्लिम लीग दोनों ने कैबिनेट मिशन की सिफारिशों को क्यों ठुकरा दिया ? कारण स्पष्ट कीजिए ।

16. How were the discussions within the Constituent Assembly influenced by the opinions expressed by the people ? Explain. 5

संविधान सभा में हुई चर्चाएँ जनमत से कैसे प्रभावित हुईं ? व्याख्या कीजिए ।

## PART – C

### खण्ड – ग

17. Explain the teachings of Guru Nanak. Did he wish to establish a new religion ?

**OR**

Explain the textual traditions regarding religious beliefs. **8**

गुरु नानक की शिक्षाओं की व्याख्या कीजिए । क्या वे कोई नया धर्म स्थापित करना चाहते थे ?

**अथवा**

धार्मिक विश्वासों से संबन्धित साहित्यक परम्पराओं की व्याख्या कीजिए ।

18. How was Quit India Movement genuinely a Mass Movement ? Explain. **8**

**OR**

Examine the different kinds of sources from which political career of Gandhiji and the history of the National Movement could be reconstructed.

स्पष्ट कीजिए कि "भारत छोड़ो आन्दोलन सही मायने में एक जन आन्दोलन था ।"

**अथवा**

ऐसे विभिन्न स्रोतों की समीक्षा कीजिए जिनसे गांधीजी के राजनीतिक सफर तथा राष्ट्रीय आंदोलन के इतिहास को सूत्रबद्ध किया जा सकता है ।

## PART – D
## (Source Based Questions)

### खण्ड-घ
### (स्रोत आधारित प्रश्न)

Read the following extracts (Q. Nos. **19** to **21**) carefully and answer the questions that follow :

निम्नलिखित अनुच्छेदों (प्रश्न संख्या **19-21**) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनके अन्त में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

19. **How could men and women acquire wealth ?**

For men, the *Manusmriti* declares, there are seven means of acquiring wealth : inheritance, finding, purchase, conquest, investment, work and acceptance of gifts from good people.

For women, there are six means of acquiring wealth : what was given in front of the fire (marriage) or the bridal procession, or as a token of affection, and what she got from her brother, mother or father. She could also acquire wealth through any subsequent gift and whatever her "affectionate" husband might give her.

(i) Explain the means how men could acquire wealth, according to Manusmriti. 3

(ii) Explain the means of acquiring wealth by women. 2

(iii) Explain the result of having different ways of acquiring wealth by men and women. 2

(iv) Do you agree with such a division of acquiring wealth or not ? Give one reason. 1

**OR**

**The most ancient system yet discovered**

About the drains, Mackay noted : "It is certainly the most complete ancient system as yet discovered." Every house was connected to the street drains. The main channels were made of bricks set in mortar and were covered with loose bricks that could be removed for cleaning. In some cases, limestone was used for the covers. House drains first emptied into a sump or cesspit into which solid matter settled while waste water flowed out into the street drains. Very long drainage channels were provided at intervals with sumps for cleaning. It is a wonder of archaeology that "little heaps of material, mostly sand, have frequently been found lying alongside drainage channels, which shows .... that the debris was not always carted away when the drain was cleared".

From Ernest Mackay, *Early Indus Civilisation*, 1948.

Drainage systems were not unique to the larger cities, but were found in smaller settlements as well. At Lothal for example, while houses were built of mud bricks, drains were made of burnt bricks.

(i) Explain the ancient drainage system of the Harappans. 4

(ii) Explain the domestic architecture of the houses of Mohanjodaro. 2

(iii) What are the advantages of covered drains ? Explain. 2

**स्त्री और पुरुष किस प्रकार संपत्ति अर्जित कर सकते थे ?**

पुरुषों के लिए मनुस्मृति कहती है कि धन अर्जित करने के सात तरीके हैं : विरासत, खोज, खरीद, विजित करके, निवेश, कार्य द्वारा तथा सज्जनों द्वारा दी गई भेंट को स्वीकार करके ।

स्त्रियों के लिए संपत्ति अर्जन के छः तरीके हैं : वैवाहिक अग्नि के सामने तथा वधूगमन के समय मिली भेंट, स्नेह के प्रतीक के रूप में तथा भ्राता, माता या पिता द्वारा दिए गए उपहार । इसके अतिरिक्त परवर्ती काल में मिली भेंट तथा वह सब कुछ जो "अनुरागी" पति से उसे प्राप्त हो ।

(i) मनुस्मृति के अनुसार पुरुष किस प्रकार धन अर्जित कर सकते थे ? व्याख्या कीजिए ।

(ii) महिलाओं द्वारा किस प्रकार धन अर्जित किया जा सकता था ? स्पष्ट कीजिए ।

(iii) पुरुषों और महिलाओं द्वारा अलग-अलग तरीकों से धन अर्जित करने के परिणामों की व्याख्या कीजिए ।

(iv) क्या आप धन अर्जित करने के तरीकों में विभाजन से सहमत हैं या नहीं ? एक कारण बताइए ।

**अथवा**

**अब तक खोजी गई प्राचीनतम प्रणाली**

नालियों के विषय में मैके लिखते हैं : "निश्चित रूप से यह अब तक खोजी गई सर्वथा संपूर्ण प्राचीन प्रणाली है ।" हर आवास गली की नालियों से जोड़ा गया था । मुख्य नाले गारे में जमाई गई ईंटों से बने थे और इन्हें ऐसी ईंटों से ढँका गया था जिन्हें सफ़ाई के लिए हटाया जा सके । कुछ स्थानों पर ढँकने के लिए चूना पत्थर की पट्टिका का प्रयोग किया गया था । घरों की नालियाँ पहले एक हौदी या मलकुंड में खाली होती थीं जिसमें ठोस पदार्थ जमा हो जाता था और गंदा पानी गली की नालियों में बह जाता था । बहुत लंबे नालों में कुछ अंतरालों पर सफाई के लिए हौदियाँ बनाई गई थीं । यह पुरातत्व का एक अजूबा ही है कि "मलबे, मुख्यत: रेत के छोट-छोटे ढेर सामान्यत: निकासी के नालों के अगल-बगल पड़े मिले हैं जो दर्शाते हैं ...... कि नालों की सफ़ाई के बाद कचरे को हमेशा हटाया नहीं जाता था ।"

अर्नेस्ट मैके, अर्ली इंडस सिविलाईजेशन, 1948

जल निकास प्रणालियाँ केवल बड़े शहरों तक ही सीमित नहीं थीं बल्कि ये कई छोटी बस्तियों में भी मिली थीं । उदाहरण के लिए, लोथल में आवासों के निर्माण के लिए जहाँ कच्ची ईंटों का प्रयोग हुआ था, वहीं नालियाँ पकी ईंटों से बनाई गई थीं ।

(i) हड़प्पावासियों की प्राचीन जल निकास प्रणाली की व्याख्या कीजिए ।

(ii) मोहनजोदड़ो के गृह स्थापत्य की व्याख्या कीजिए ।

(iii) ढकी हुई नालियों के क्या-क्या लाभ हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

20. **Darbar-i-Akbari**

Abu'l Fazl gives a vivid account of Akbar's darbar :

Whenever His Majesty (Akbar) holds court (darbar) a large drum is beaten, the sounds of which are accompanied by Divine praise. In this manner, people of all classes receive notice. His Majesty's sons and grandchildren, the grandees of the Court, and all other men who have admittance, attend to make the *kornish*, and remain standing in their proper places. Learned men of renown and skilful mechanics pay their respects; and the officers of justice present their reports. His Majesty, with his usual insights, gives orders, and settles everything in a satisfactory manner. During the whole time, skilful gladiators and wrestlers from all countries hold themselves in readiness, and singers, male and female, are in waiting. Clever jugglers and funny tumblers also are anxious to exhibit their dexterity and agility.

(i) Explain main activities taking place in the Darbar of Akbar. **3**

(ii) Explain different forms of salutation to the ruler. **3**

(iii) How did Emperor begin his day ? Explain. **2**

**OR**

**The system of varnas**

This is Al-Biruni's account of the system of varnas :

The highest caste are the Brahmana, of whom the books of the Hindus tell us that they were created from the head of Brahman. And as the Brahman is only another name for the force called nature, and the head is the highest part of the ... body, the Brahmana are the choice part of the whole genus. Therefore the Hindus consider them as the very best of mankind.

The next caste are the Kshatriya, who were created, as they say, from the shoulders and hands of Brahman. Their degree is not much below that of the Brahmana.

After them follow the Vaishya, who were created from the thigh of Brahman.

The Shudra who were created from his feet.

Between the latter two classes there is no very great distance. Much, however, as these classes differ from each other, they live together in the same towns and villages, mixed together in the same houses and lodgings.

(i) Explain Al-Biruni's account of the system of varnas. 4

(ii) Do you consider this type of division justified ? Explain with reasons. 2

(iii) How was the system not quite rigid in the real life ? Explain. 2

**दरबार-ए-अकबरी**

अबुल फज़्ल अकबर के दरबार का बड़ा सजीव विवरण देते हुए कहता है :

जब भी महामहिम (अकबर) दरबार लगाते हैं तो एक विशाल ढोल पीटा जाता है और साथ-साथ अल्लाह का गुणगान होता है । इस तरह सभी वर्गों के लोगों को सूचना मिल जाती है । महामहिम के पुत्र, पौत्र, दरबारी और वे सभी जिन्हें दरबार में प्रवेश की अनुमति थी, हाज़िर होते हैं और कोर्निश कर अपने स्थान पर खड़े रहते हैं । ख्यातिप्राप्त विद्वज्जन तथा विशिष्ट कौशलों में निपुण व्यक्ति आदर व्यक्त करते हैं; तथा न्याय अधिकारी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं । महामहिम अपनी सामान्य अंतर्दृष्टि के आधार पर आदेश देते हैं और सभी मामलों को संतोषजनक ढंग से निपटाते हैं । इस पूरे समय के दौरान विभिन्न देशों से आए तलवारिये व पहलवान अपने को तैयार रखते हैं और महिला तथा पुरुष गायक अपनी बारी की प्रतीक्षा में रहते हैं । चतुर बाज़ीगर और मज़ाकिया कलाबाज भी अपने कौशल और दक्षता का प्रदर्शन करने को उत्सुक हैं ।

(i) अकबर के दरबार में होने वाली मुख्य गतिविधियों का वर्णन कीजिए ।

(ii) शासक को किए गए अभिवादन के विभिन्न तरीकों का वर्णन कीजिए ।

(iii) सम्राट (बादशाह) अपने दिन की शुरूआत कैसे करता था ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

**वर्ण व्यवस्था**

अल-बिरूनी वर्ण व्यवस्था का इस प्रकार उल्लेख करता है :

सबसे ऊँची जाति ब्राह्मणों की है जिनके विषय में हिंदुओं के ग्रंथ हमें बताते हैं कि वे ब्रह्मन् के सिर से उत्पन्न हुए थे और क्योंकि ब्रह्म, प्रकृति नामक शक्ति का ही दूसरा नाम है, और सिर... शरीर का सबसे ऊपरी भाग है, इसलिए ब्राह्मण पूरी प्रजाति के सबसे चुनिंदा भाग है । इसी कारण से हिंदू उन्हें मानव जाति में सबसे उत्तम मानते हैं ।

अगली जाति क्षत्रियों की है जिनका सृजन, ऐसा कहा जाता है, ब्रह्मन् के कंधों और हाथों से हुआ था । उनका दर्जा ब्राह्मणों से अधिक नीचे नहीं है ।

उनके पश्चात् वैश्य आते हैं जिनका उद्‌भव ब्रह्मन् की जंघाओं से हुआ था ।

शूद्र जिनका सृजन उनके चरणों से हुआ था ।

अंतिम दो वर्गों के बीच अधिक अंतर नहीं है । लेकिन इन वर्गों के बीच भिन्नता होने पर भी ये एक साथ ही शहरों और गाँवों में रहते हैं, समान घरों और आवासों में मिल-जुल कर ।

(i) अल-बिरूनी द्वारा वर्णित वर्ण व्यवस्था का वर्णन कीजिए ।

(ii) क्या आप इस प्रकार के वर्ण विभाजन को उचित समझते हैं ? सतर्क व्याख्या कीजिए ।

(iii) वास्तविक जीवन में यह व्यवस्था किस प्रकार इतनी कड़ी भी नहीं थी ? व्याख्या कीजिए ।

21. **Ambedkar on separate electorates**

In response to Mahatma Gandhi's opposition to the demand for separate electorates for the Depressed Classes, Ambedkar wrote :

Here is a class which is undoubtedly not in a position to sustain itself in the struggle for existence. The religion, to which they are tied, instead of providing them an honourable place, brands them as lepers, not fit for ordinary intercourse. Economically, it is a class entirely dependent upon the high-caste Hindus for earning its daily bread with no independent way of living open to it. Nor are all ways closed by reason of the social prejudices of the Hindus but there is a definite attempt all through our Hindu Society to bolt every possible door so as not to allow the Depressed Classes any opportunity to rise in the scale of life.

In these circumstances, it would be granted by all fair-minded persons that as the only path for a community so handicapped to succeed in the struggle for life against organised tyranny, some share of political power in order that it may protect itself is a paramount necessity....

(i) Examine the arguments given in favour of separate electorates for depressed classes, by Dr. Ambedkar and give your reactions. 3

(ii) Describe the position of economically depressed classes. 3

(iii) Suggest some other ways to provide an honourable position to depressed classes. 2

**OR**

**We have never asked for privileges**

Hansa Mehta of Bombay demanded justice for women, not reserved seats or separate electorates :

We have never asked for privileges, what we have asked for is social justice, economic justice and political justice. We have asked for that equality which alone can be the basis of mutual respect and understanding without which real cooperation is not possible between man and woman.

(i) How could the women be empowered economically ? Explain. 3

(ii) What could be the basis of mutual respect among men and women ? Explain. 2

(iii) Why did Hansa Mehta not demand separate electorates or reserved seats for women ? Explain. 3

**पृथक निर्वाचिका पर अम्बेडकर के विचार**

दमित वर्गों के लिए पृथक निर्वाचिका के प्रस्ताव पर महात्मा गाँधी की दलीलों के जवाब में अम्बेडकर ने लिखा था :

'हमारे सामने एक ऐसा वर्ग है जो निश्चय ही अस्तित्व के संघर्ष में खुद को कायम नहीं रख सकता । जिस धर्म से ये लोग बँधे हुए हैं वह उन्हें सम्मानजनक स्थान प्रदान करने की बजाय कोढ़ियों की तरह देखता है जिनके साथ सामान्य संबंध नहीं रखे जा सकते । आर्थिक रूप से यह ऐसा वर्ग है जो दो वक्त की रोटी के लिए सवर्ण हिंदुओं पर पूरी तरह आश्रित है ; जिसके पास आजीविका का कोई स्वतंत्र साधन नहीं है । न केवल हिंदुओं के सामाजिक पूर्वाग्रहों के कारण उनके सारे रास्ते बंद हैं बल्कि समग्र इतिहास में हिंदू समाज ने उनके सामने खुलने वाली हर संभावना को बंद कर दिया है जिससे दमित वर्गों को जीवन में ऊपर उठने का कोई अवसर न मिल सके ।

इन परिस्थितियों में सभी निष्पक्ष सोच वाले व्यक्ति इस बात पर सहमत होंगे कि आज सबसे बड़ी आवश्यकता यही है कि ऐसे अपंग समुदाय के पास संगठित निरंकुशता के विरुद्ध जीवन के संघर्ष का एकमात्र रास्ता यही है कि उसे राजनीतिक सत्ता में हिस्सा मिले जिससे वह अपनी रक्षा कर सके ..... ।

(i) डॉ. अम्बेडकर द्वारा दमित वर्ग के लिए पृथक निर्वाचिका के पक्ष में दिए गए तर्कों की समीक्षा कीजिए और अपनी प्रतिक्रिया भी लिखिए ।

(ii) आर्थिक रूप से पिछड़े हुए लोगों की स्थिति का वर्णन कीजिए ।

(iii) दमित वर्ग को सम्मानजनक स्थान प्रदान करने के लिए कोई और रास्ता सुझाइए ।

**अथवा**

**हमने विशेष अधिकार कभी नहीं माँगे**

बम्बई की हंसा मेहता ने महिलाओं के लिए न्याय की माँग की, आरक्षित सीटों की नहीं और न ही पृथक चुनाव क्षेत्रों की :

हमने विशेषाधिकार कभी नहीं माँगे । हमने सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय और राजनीतिक न्याय की माँग की है । हमने उस बराबरी की माँग की है जिसके बिना पारस्परिक आदर और समझ नहीं बन सकते, जिसके बिना पुरुष और महिला के बीच वास्तविक सहयोग संभव नहीं है ।

(i) महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त कैसे बनाया जा सकता है ? स्पष्ट कीजिए ।

(ii) पुरुषों और महिलाओं में पारस्परिक आदरभाव का आधार क्या हो सकता है ? स्पष्ट कीजिए ।

(iii) हंसा मेहता ने महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों अथवा पृथक चुनाव क्षेत्रों की माँग क्यों नहीं की ? स्पष्ट कीजिए ।

## PART – E

## खण्ड – य

22. On the given political outline map of India mark and label the following :

(i) Capital of Ashoka.

(ii) Any two major sites of Rock Edicts.

(iii) Any two sites of Pillar Inscriptions. **1 + 2 + 2 = 5**

**OR**

On the given political outline map of India mark and label the following :

(i) Any two centres of Revolt of 1857.

(ii) Any three centres of The National Movement of India. **2 + 3 = 5**

भारत के दिए हुए राजनीतिक रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित को अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए :

(i) अशोक की राजधानी ।

(ii) किन्हीं दो महा शिलालेखों के स्थान ।

(iii) किन्हीं दो स्तम्भ अभिलेखों के स्थान ।

**अथवा**

भारत के संलग्न राजनीतिक रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित को अंकित कीजिए तथा नामांकित कीजिए :

(i) 1857 के विद्रोह के कोई दो केन्द्र ।

(ii) भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के कोई तीन केन्द्र ।

23. On the given political outline map of India five places under Babar, Akbar and Aurangzeb have been marked as 1. 2. 3. 4. 5. Identify and write their names on the lines drawn near them. 5

भारत के दिए हुए राजनीतिक रेखा मानचित्र पर बाबर, अकबर व औरंगजेब के अन्तर्गत पाँच स्थान 1. 2. 3. 4. 5 दिए गए हैं । उन्हें पहचानिए तथा उनके साथ खींची हुई रेखा पर उनका नाम लिखिए ।

**Note :** The following questions are **only for the Blind candidates in lieu of map Q. Nos. 22 & 23.**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न सं. 22 और 23 के स्थान पर हैं ।**

22. Mention the name of places of any two major Rock Edicts and three Pillar Edicts of Ashoka. 5

**OR**

Mention any 5 centres of the Revolt of 1857.

अशोक के किन्हीं दो महा शिलालेखों तथा **तीन** स्तम्भ लेखों के स्थानों के नाम लिखिए ।

**अथवा**

1857 के विद्रोह के किन्हीं **पाँच** केन्द्रों के नाम लिखिए ।

23. Mention names of any five places under Babar, Akbar and Aurangzeb in India. 5


बाबर, अकबर और औरंगजेब के अन्तर्गत भारत के किन्हीं **पाँच** नगरों के नाम लिखिए ।

---


Map for Q. No. 22

प्रश्न सं. 22 के लिए मानचित्र

Cut Here ------- यहाँ से काटें ------- Cut Here ------- यहाँ से काटें



------ Cut Here ------------ यहाँ से काटें ------------ Cut Here ------------ यहाँ से काटें ---------




Map for Q. No. 23

प्रश्न सं. 23 के लिए मानचित्र